आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–10.07.2021

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल को प्रोत्साहित करने के लिए आरेडिका में स्थित आउटडोर स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स तरणताल में आरेडिका महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में "चीयर फॉर इंडिया" कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने सेल्फी प्वाईंट पर फोटो खींचकर "चीयर फॉर इंडिया" कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया।

टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए आरेडिका के विभिन्न मुख्य स्थलों पर सेल्फी प्वाईंट बनाया गया है जहाँ से आरेडिका के कर्मचारी, अधिकारी एवं उनके परिवार के सदस्य फोटो लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय खिलाड़ियों के दल को प्रोत्साहित कर सकेगें।

(वी. के दूबे) 10/07/2021
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी